राजस्थान सरकार
स्वायत्त शासन विभाग राज0 जयपुर

राजस्थान नगर पालिका (प्रशासनिक एवं तकनिकी) व (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा चयन आयोग
जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी–स्कीम जयपुर 302013

क्रमांक प.10 (छ) (8)/ भ.आ./ATP/Sr.Dr./DLB/2021/ 2104   दिनांक : 25-9-2021

विज्ञप्ति

राजस्थान नगरपालिका (प्रशासनिक एवं तकनीकी) व (अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा चयन आयोग द्वारा राजस्थान नगर पालिका (प्रशासनिक एवं तकनीकी) सेवा नियम, 1963 के अन्तर्गत स्वायत्त शासन विभाग के अधीन नगरीय निकायों में सीधी भर्ती के 49 सहायक नगर नियोजक के रिक्त पदों को भरे जाने हेतु दिनांक 10.08.2021 को जारी विज्ञप्ति सख्या 01/2021 द्वारा ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाकर दिनांक 11.09.2021 को **10 A.M.to 12.00 Noon** तक सीधी भर्ती प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गयी थी।

इसी क्रम में सहायक नगर नियोजक पद हेतु दिनांक. 25.09.2021.को परीक्षा परिणाम जारी कर श्रेणीवार रिक्त पदो के विरूद्ध लगभग दो गुना अभ्यर्थियों की पात्रता की जांच एवं दस्तावेजो के सत्यापन के लिये सूचीबद्ध किया गया है। इन पूर्णतया अस्थायी (Purely Provisional) रूप से सफल घोषित निम्नलिखित अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन करवाये जाने हेतु सूचित किया जाता है कि वे **दिनांक 30.09.2021 प्रातः 10 बजे** को निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग स्थित राजस्थान नगर पालिका (प्रशासनिक एवं तकनीकी) व अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक) सेवा चयन आयोग,जी–3 राजमहल रेजीडेन्सी एरिया, सिविल लाईन फाटक के पास सी–स्कीम जयपुर 302013 पर निर्धारित समय एवं स्थान पर पात्रता की जांच हेतु विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ आवश्यक रूप से उपस्थित होवें।

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व आयोग की वेबसाईट http://lsg. onlinerecruit.in अन्तिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं सहायक नगर नियोजक एवं वरिष्ठ प्रारूपकार पदों हेतु आयोजित सीधी भर्ती परीक्षा– 2021 के लिये दिनांक 10.08.2021 को जारी विज्ञापन संख्या 01/2021 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु ,जाति, मूल निवास, चरित्र, विशेष योग्यजन, भूतपूर्व सैनिक, विवाह, खेल, राष्ट्रीयता, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वयं का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावे।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रों एवं दस्तावेजों की स्वयं द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अन्तिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन को प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड का बेवसाईट http://lsg. onlinerecruit.in पर उपलब्ध है।

कविता चौधरी

(कविता चौधरी)
सचिव सेवा चयन आयोग